ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

# विद्यापरिषद की 13वीं बैठक की कार्यवाही

**दिनांक 24, जनवरी 2023 को अपरान्ह 03:00 बजे सभागार में सम्पन्न विद्या परिषद की 13वीं बैठक की कार्यवाही में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहें :–**

1. प्रो0 एन0बी0 सिंह, माननीय कुलपति – अध्यक्ष।
2. प्रो0 बलराज चौहान, पूर्व कुलपति, डॉ0 राम म0 लो0 राष्ट्रीय लॉ विश्वविद्यालय, लखनऊ। – सदस्य।
3. प्रो0 पवन अग्रवाल, हिन्दी व आ0 भारतीय भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। – सदस्य।
4. प्रो0 मसऊद आलम, संकायाध्यक्ष, कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष/पुस्तकालय प्रभारी। – सदस्य।
5. प्रो0 माहरुख मिर्ज़ा, आचार्य, वाणिज्य विभाग। – सदस्य।
6. प्रो0 सैय्यद हैदर अली, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रशासन विभाग। – सदस्य।
7. प्रो0 चन्दना डे, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान संकाय। – सदस्य।
8. प्रो0 एहतेशाम अहमद, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय। – सदस्य।
9. प्रो0 तनवीर खदीज़ा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेज़ी विभाग। – सदस्य।
10. प्रो0 फखरे आलम,विभागाध्यक्ष, उर्दू विभाग। – सदस्य।
11. प्रो0 सौबान सईद, आचार्य, उर्दू विभाग/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण। – सदस्य।
12. डॉ0 मुशीर अहमद, सह आचार्य, व्यवसाय प्रशासन विभाग। – सदस्य।
13. डॉ0 तत्हीर फ़ातमा, संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय। – सदस्य।
14. डॉ0 मोहम्मद अकमल, सहायक आचार्य, उर्दू विभाग। – सदस्य।
15. डॉ0 वसी अहमद आज़म अंसारी, सहायक–आचार्य, उर्दू विभाग। – सदस्य।
16. डॉ0 पूनम चौधरी, सहायक आचार्य, इतिहास विभाग। – सदस्य।
17. श्री अजय कृष्ण यादव, कुलसचिव। – सदस्य सचिव।

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर विद्या परिषद् द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

**बिन्दु सं0–1 विद्यापरिषद् की 12वीं बैठक दिनांक 06, सितम्बर 2022 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।**

समिति के सदस्यों द्वारा विद्या परिषद् की 12वीं बैठक दिनांक 06, सितम्बर 2022 की कार्यवाही प्रो0 माहरूख़ मिर्जा, आचार्य, वाणिज्य विभाग को छोडकर अन्य समस्त माननीय सदस्यों द्वारा सम्पुष्टि की गयी।

प्रो0 माहरूख मिर्ज़ा द्वारा विद्या परिषद् की बैठक में तेज आवाज में विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 06, सितम्बर 2022 में पी0एच0डी0 अध्यादेश के सम्बन्ध में अपने मत को कार्यवृत्त में अंकित न होने की बात कही गयी। जिसके कम में सदस्यों द्वारा कहा गया कि जब आप चर्चा के बाद सहमत थे फिर कौन सा मत अंकित न होने की बात की जा रही है। इस पर प्रो0 माहरूख मिर्जा चिल्लाते हुए तर्क वितर्क करने लगे। जिसको सदस्यों द्वारा विद्या परिषद् की गरिमा के प्रतिकूल व्यवहार बताया गया जिसके क्रम में प्रो0 गाहरूख़ मिर्ज़ा अपनी स्वेच्छा से बैठक छोडकर चले गये।

अग्रेतर समस्त सदस्यों द्वारा विद्या परिषद् की पिछली बैठक के कार्यवृत्त सदस्यों को उपलब्ध न कराये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया एवं निर्देशित किया गया कि भविष्य में

बैठक की कार्यवाही ससमय समस्त सदस्यों को अवश्य उपलब्ध करायी जाए।

**बिन्दु सं0–2 विद्यापरिषद् की 12वीं बैठक दिनांक 06, सितम्बर 2022 की कृत कार्यवाही। (ATR)**

परिषद् के सदस्यों द्वारा 12वीं बैठक की कृत कार्यवाही को यथावत् सम्पुष्ट करते हुए 12वीं बैठक के प्रक्रियाधीन प्रकरण पर निम्नानुसार निर्णय लिया गया–

1. वाणिज्य विभाग की बी0ओ0एस0 से अनुमोदित पाठ्यक्रम "B.Com (Tours & Travel Management)" के संचालन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव के परीक्षण तथा यू0जी0सी0 के मानकों के आधार पर तैयार किये जाने हेतु गठित समिति की आख्या प्राप्त न होने पर विद्या परिषद् द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए दिनांक 02, फरवरी 2023 तक आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्रो0 एहतेशाम अहमद, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग को निर्देशित किया गया।
2. उप समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के अध्यादेश को पुनः संशोधित कर दिनांक 02, फरवरी 2023 तक कुलसचिव को आगामी कार्य परिषद् के अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।
3. विद्या परिषद् द्वारा पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम हेतु संशोधित अध्यादेश को माननीय कुलपति महोदय द्वारा गठित उप समिति के माध्यम से पुनः परीक्षण कर आवश्यक रुप से दिनांक 02, फरवरी 2023 तक कार्य परिषद् के अनुमोदन हेतु कुलसचिव को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

**बिन्दु सं0–3 विश्वविद्यालय द्वारा तैयार Endowment Fund Policy के प्रस्ताव पर अनुमोदन हेतु विचार।**

विद्या परिषद् द्वारा समिति के प्रस्तावित Endowment Fund Policy पर विचारोपरान्त बिन्दु सं0–6 पर अंकित 'Endowment Fund Limit' के आगे "For Medals" अंकित करने तथा बिन्दु सं0–13 पर अंकित Tax Rebate बिन्दु को हटाये जाने की संस्तुति के उपरान्त Endowment Fund Policy को अनुमोदन प्रदान कर आगामी कार्य परिषद् के सम्मुख अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने की संस्तुति की गयी।

**बिन्दु सं0–4 विश्वविद्यालय में सत्र 2022–23 में पार्ट टाइम पी0एच0डी0 के शुल्क निर्धारण हेतु समिति द्वारा प्राप्त संस्तुति पर विचार।**

परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय में सत्र 2022–23 से पार्ट टाइम पी0एच0डी0 के संचालन पर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुए पार्ट टाइम पी0एच0डी0 के शुल्क निर्धारण को वित्त समिति के सम्मुख प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी।

**बिन्दु सं0–5 विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षान्त समारोह दिनांक 01, मार्च 2023 को सम्पन्न होने सम्बंधी माननीय कुलाधिपति महोदया के आदेश से विद्या परिषद् को संसूचित किया जाना।**

विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षान्त समारोह दिनांक 01, मार्च 2023 को आयोजित कराये जाने सम्बंधी माननीय कुलाधिपति महोदया के आदेश से विद्या परिषद् संसूचित हुई।

**बिन्दु सं0–6 विश्वविद्यालय का संशोधित कुलगीत तैयार किये जाने पर विचार।**

कुलसचिव द्वारा अवगत कराया कि विश्वविद्यालय का नाम विधायी अनुभाग–1 उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या–419/79–वि–20–1(क)–10–2020 दिनांक–12.03.2020 द्वारा ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी–फ़ारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ के स्थान पर ख़्वाजा

मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ किया गया है। विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तित होने के पश्चात इस विश्वविद्यालय का कोई कुलगीत नही बना है। जिस कारण दो वर्षो से कुलगीत का प्रस्तुतीकरण दीक्षान्त समारोह में नही किया जा रहा हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा संशोधित कुलगीत तैयार कराये जाने के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के मध्य प्रतियोगिता कराकर उपलब्ध कराये जाने हेतु समिति का गठन किया जा चुका है। तद्क्रम में विद्या परिषद् द्वारा संशोधित कुलगीत तैयार कराने हेतु गठित समिति को दिनांक 04 फरवरी, 2023 तक कुलगीत आगामी कार्य परिषद् की बैठक में अनुमोदन हेतु कुलसचिव को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

बिन्दु सं0–7 **विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा तैयार किये गये आगामी 10 वर्षो का "विज़न डाक्यूमेंट" पर विचार।**

विद्या परिषद् द्वारा गठित समिति के माध्यम से उपलब्ध कराये गये आगामी 10 वर्षों के विज़न डाक्यूमेंट का अध्ययन किया गया। तदोपरान्त समिति सदस्यों द्वारा उपलब्ध विज़न डाक्यूमेंट में भाषाओं के अध्ययन, ऑनलाइन पुस्ताकलय तथा डिजिटाइज़ेशन सम्बंधी विभिन्न बातो को समेकित करने पर विचार–विमर्श किया गया जिसके सापेक्ष विद्या परिषद् द्वारा सर्व–सम्मति से संशोधित विज़न डाक्यूमेंट तैयार करने हेतु निम्नानुसार समिति का गठन प्रस्तावित किया गया–

1. प्रो0 बलराज़ चौहान, सदस्य विद्या परिषद्।
2. प्रो0 पवन अग्रवाल, सदस्य विद्या परिषद्।
3. प्रो0 सय्यद हैदर अली, सदस्य विद्या परिषद् – संयोजक।
4. प्रो0 चंदना डे, सदस्य विद्या परिषद्।
5. प्रो0 फ़खरे आलम, सदस्य विद्या परिषद्।

परिषद् द्वारा गठित समिति के संयोजक को निर्देशित किया कि वे संशोधित विज़न डाक्यूमेंट दिनांक 04, फरवरी 2023 तक कुलसचिव को आगामी कार्य परिषद् की बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

**अन्य बिन्दु माननीय कुलपति/अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

बिन्दु सं0–1 **शासन के आदेश के अनुपालन में प्रो0 सय्यद हैदर अली द्वारा तैयार किये गये Skill Hub के प्रस्ताव को विद्या परिषद् द्वारा अध्ययन कर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुए उपलब्ध प्रस्ताव के परीक्षण हेतु परिषद् द्वारा निम्नानुसार समिति का गठन किया गया–**

1. **प्रो0 सैय्यद हैदर अली, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रशासन विभाग। – संयोजक।**
2. **प्रो0 एहतेशाम अहमद, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग।**
3. **प्रो0 अजय प्रकाश, व्यवसाय प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।**
4. **कुलसचिव।**

**गठित समिति से अपेक्षा की गयी कि वे सम्बंधित प्रस्ताव का परीक्षण कर अपनी आख्या दिनांक 04, फरवरी 2023 तक कुलसचिव के सम्मुख आगामी कार्य परिषद् की बैठक में कार्य परिषद् के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।**

बिन्दु सं0–2 परीक्षा नियंत्रक द्वारा सत्र 2021–22 में उत्तीर्ण हुए छात्र–छात्राओं का लिंगवार एवं श्रेणीवार विवरण उपलब्ध कराया गया तथा विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षान्त समारोह हेतु पदक प्राप्तकर्ताओं की अनंतिम सूची भी प्रदर्शित की गयी। उपलब्ध करायी गये विवरण एवं पदक प्राप्त कर्ताओं की अनंतिम सूची को विद्या परिषद् द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुए परिषद् द्वारा परीक्षा नियंत्रक को मेडल प्राप्तकर्ता सूची में छात्र–छात्रा का नाम, पिता का नाम, पंजीकरण

संख्या आवश्यक रुप से अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा छात्र–छात्राओं के उपलब्ध कराये गये विवरण में Registered Students का कॉलम अंकित करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

अग्रेतर विद्या परिषद् द्वारा सत्र 2021–22 में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं के समस्त विवरण एवं पदक प्राप्तकर्ताओं की अनंतिम सूची में उपरोक्त समस्त संशोधनों के लिए परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित करते हुए आगामी कार्य परिषद् की बैठक में कार्य परिषद् के अनुमोदन हेतु कुलसचिव को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

अन्त में समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्या परिषद् की बैठक सम्पन्न हुई।

(अजय कृष्ण यादव)
कुलसचिव / सदस्य सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति / अध्यक्ष।